## इन्वेस्ट यूपी के तहत दोनों देशों के उद्यमियों के बीच वार्ता सफल, व्यापार बढ़ाने पर सहमति

# द्विपक्षीय व्यापार के साथ अफ्रीका का गेटवे भी बनेगा मॉरीशस

**उम्मीद**

**वाराणसी, वरिष्ठ संवाददाता।** मॉरीशस और उत्तर प्रदेश के उद्यमियों के बीच गुरुवार को व्यापारिक मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठक हुई। कैंटोमेंट स्थित एक होटल में इन्वेस्ट यूपी की ओर से आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश में मॉरीशस से निवेश बढ़ाने पर विमर्श हुआ तो मॉरीशस में यूपी के उद्यमियों द्वारा निवेश पर मंथन किया गया। दोनों देशों ने भविष्य में व्यापार बढ़ाने में इस पहल को महत्वपूर्ण बताया और यूपी के उद्यमियों ने मॉरीशस को अफ्रीकी देशों तक व्यापार बढ़ाने में गेटवे की संज्ञा दी।

करीब तीन घंटे चली बैठक में नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी संरचना, सड़क, स्वास्थ्य सेवा, फार्मा, वित्तीय सेवाएं, पर्यटन और एआई जैसे क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मॉरीशस के 28 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए इन्वेस्ट यूपी के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य उत्तर प्रदेश और मॉरीशस के बीच आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और दीर्घकालिक निवेश साझेदारियों को बढ़ावा देना है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति 2022 पर चर्चा के दौरान मॉरीशस के उद्यमियों को निवेश के फायदे गिनाए गए। मॉरीशस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उद्यमी संजय भुंजन ने किया। उन्होंने कहा कि मॉरीशस लघु भारत है। उत्तर प्रदेश से मॉरीशस का भावनात्मक रिश्ता है। मॉरीशस अफ्रीका में विस्तार करने वाले भारतीय व्यवसायों के लिए एक द्वार और आधार बन सकता है। संयुक्त सचिव पीएस गंगाधर ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। मॉरीशस भारत के लिए व्यापार और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के सबसे बड़े स्रोतों में एक है। आईआईए के महासचिव दीपक बजाज ने कहा कि मॉरीशस और भारत का संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं है।



वाराणसी में गुरुवार को मॉरीशस के पीएम के साथ द्विपक्षीय शिखर वार्ता के दौरान विचार रखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अस्पताल निर्माण एयरपोर्ट विस्तार

1 पीएम मोदी ने बताया कि भारत के बाहर, पहला जनऔषधि केंद्र अब मॉरीशस में स्थापित हो चुका है। आज हमने निर्णय लिया है कि मॉरीशस में आयुष सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, सर शिवसागर रामगुलाम की स्मृति में 500 बेड के नेशनल अस्पताल के अलावा भारत वेटरनरी स्कूल एंड एनिमल हॉस्पिटल के निर्माण में भी सहयोग देगा।

### एनर्जी ट्रांजिशन, सोलर पॉवर प्लांट में सहयोग

2 पीएम मोदी ने कहा कि ऊर्जा सुरक्षा हमारी भागीदारी का एक अहम स्तंभ है। भारत, मॉरीशस के एनर्जी ट्रांजिशन में सहयोग दे रहा है। मॉरीशस को 100 इलेक्ट्रिक बसें दी जा रही हैं जिसमें 10 वहां पहुंच चुकी हैं। उन्होंने बताया कि हमने 'तमारिंड फाल्स' में 17.5 मेगावॉट का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट के निर्माण में सहयोग देने का निर्णय लिया है।

### मॉरीशस में नया साइंस तकनीकी निदेशालय

3 पीएम मोदी के अनुसार, द्विपक्षीय समझौतों के तहत मॉरीशस में एक नया डायरेक्टोरेट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी स्थापित किया जाएगा। जल्द ही भारत वहां मिशन कर्मयोगी का ट्रेनिंग माड्यूल भी शुरू करेगा। मॉरीशस के प्रधानमंत्री को भरोसा देते हुए मोदी बोले, मॉरीशस के प्रमुख आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है।